# बदहाल सड़कें और खुले चेंबर बनें मुसीबत

**खास बातें**
- बारिश में गलियों में चलना हुआ जोखिम भरा
- पिछड़ी बस्तियों में जलभराव से बढ़ी परेशानी
- नागरिकों ने निर्माण गुणवत्ता और रखरखाव पर उठाए सवाल



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 21 जुलाई, लगातार हो रही बारिश के बीच गंजबासौदा की कई पिछड़ी बस्तियों में बदहाल सड़कें, क्षतिग्रस्त नालियां और खुली गटरें लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई हैं. जलभराव के कारण कई स्थानों पर यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और नाली या गटर कहां, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई मकान मालिकों और दुकानदारों ने आवागमन की सुविधा के लिए नालियों पर पत्थर या स्लैब रख लिए हैं. इन पर भारी वाहन गुजरने से वे टूट-फूट जाते हैं, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है.रहवासियों का आरोप है कि हाल ही में बनी कुछ सड़कों पर भी जगह-जगह दरारें और गड्ढे दिखाई देने लगे हैं. उनका कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए और जहां भी तकनीकी खामियां पाई जाएं, वहां संबंधित एजेंसी से सुधार कराया जाए.स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि जिन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है.

नागरिकों ने नगर पालिका से बारिश के मौसम को देखते हुए नालियों की सफाई, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और जलनिकासी व्यवस्था को प्राथमिकता देने की मांग की है.नगर पालिका परिषद चुनाव की तैयारियों के बीच शहर में बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है. नागरिकों का कहना है कि जनसुविधाओं में सुधार और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए.

## महिलाओं ने आवासीय पट्टे व रुकी पेंशन दिलाने की उठाई मांग

- दर्जनों महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 21 जुलाई**, आवासीय पट्टे प्रदान करने और कई महीनों से लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान कराने की मांग को लेकर सोमवार को शहर के विभिन्न वार्डों की दर्जनों महिलाएं एसडीएम कार्यालय पहुंचीं. उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की. अयोध्या बस्ती सहित शहर के विभिन्न वार्डों की महिलाएं समाजसेवी बिलकिस जहां के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचीं. महिलाओं ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से अयोध्या बस्ती क्षेत्र में निवास कर रही हैं, लेकिन आज तक उन्हें आवासीय पट्टे नहीं मिल सके हैं. उन्होंने बताया कि बारिश का मौसम शुरू होने से उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं, कई परिवार कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं. तेज बारिश के दौरान घरों में पानी भर जाता है, जिससे घरेलू सामान खराब हो जाता है. साथ ही कच्चे मकानों की दीवारें गिरने का खतरा भी बना रहता है. उन्होंने कहा कि आवासीय पट्टे नहीं होने के कारण उनको प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. वहीं कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें पिछले कई महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी नहीं मिली है, जिससे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. महिलाओं ने एसडीएम से आवासीय पट्टे जारी कराने, लंबित पेंशन का शीघ्र भुगतान कराने तथा उनकी अन्य समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग की. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं.

### एक नजर में



**मुदित शैजवार के जन्मदिन पर बांटे फल और बिस्किट**

नवभारत न्यूज

**सांची.** भाजपा युवा नेता मुदित शैजवार के जन्मदिन के अवसर पर नगर में सेवा कार्य का आयोजन किया गया. भाजपा के पूर्व पार्षद रतलाल जायसवाल ने अपने सहयोगियों के साथ अपने आवास पर जरूरतमंद लोगों को फल एवं बिस्किट वितरित कर जन्मदिन मनाया.इस अवसर पर रतलाल जायसवाल ने मुदित शैजवार को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की. उन्होंने कहा कि समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही किसी भी खुशी को मनाने का सबसे बेहतर माध्यम है.कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी मुदित शैजवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी. फल एवं बिस्किट वितरण के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता कर सेवा का संदेश भी दिया गया.

**राधेश्याम डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना जांच के लिए भेजा**

नवभारत न्यूज

विदिशा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी एवं अवमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है. इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका गुप्ता ने दुर्गा नगर स्थित श्री राधेश्याम डेयरी का निरीक्षण कर मिश्रित दूध का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिया. नमूना परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है.

## स्कूल, कॉलेज के पास तंबाकू बेचने वालों पर की कार्यवाही

- दुकानदारों पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए नगर पालिका, राजस्व और पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई.जानकारी के अनुसार नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा और राजस्व विभाग की टीम ने स्कूल-कॉलेज पॉलिटेक्निक कॉलेज संस्कार ग्रीन वैली स्कूल, संदीपनी स्कूल के आसपास जांच कर तम्बाकू, गुटखा और सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों की जांच की गई.**

इस दौरान टीम ने तम्बाकू, गुटखा और सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही करते हुए 2 हजार का जुर्माना वसूला. अधिकारियों ने बताया कि बच्चों और युवाओं को नशे से बचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है. इस दौरान टीम ने दुकानदारों से नियमों का पालन करने की हिदायत दी. साथ ही भविष्य में नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई. प्रशासन ने अपील की कि दुकानदार शैक्षणिक संस्थान के आसपास तम्बाकू उत्पाद न बेचे. इस कार्यवाही में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू, स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार सहित जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा.

## नगर पालिका की निर्माण फाइलें गायब होने से उठे सवाल

- तीन साल बाद फिर नई फाइल तैयार करने की चर्चा
- वार्ड 3 के विकास कार्यों में देरी से रहवासियों में नाराजगी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 3 में प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है. स्थानीय लोगों के अनुसार करीब तीन वर्ष पहले वार्ड के विभिन्न विकास कार्यों के लिए अलग-अलग फाइलें तैयार की गई थीं. इनमें प्रस्तावित निर्माण कार्यों का विवरण और नाप-तौल की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी.**

**अभिलेखों की स्थिति स्पष्ट करने की मांग**

साथ ही यह भी बताया जाए कि विकास कार्यों में देरी किन कारणों से हुई और अब उन्हें कब तक शुरू किया जाएगा.स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अभिलेखों की स्थिति स्पष्ट करने तथा वार्ड क्रमांक 3 के लंबित विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के रहवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके.

रहवासियों का कहना है कि किन्हीं कारणों से नई बस्ती क्षेत्र के निर्माण कार्य रोक दिए गए और इसके बाद संबंधित फाइलों पर आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई. बाद में दोबारा नई फाइल तैयार किए जाने की बात सामने आई, लेकिन उसका भी कोई स्पष्ट रिकॉर्ड या परिणाम सामने नहीं आया.स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस दौरान कई बार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किए गए, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सके. अब जबकि नगर पालिका परिषद चुनाव नजदीक हैं, एक बार फिर फाइल तैयार किए जाने की चर्चा हो रही है.नागरिकों का कहना है कि यदि पहले से तैयार फाइलें और प्रस्ताव मौजूद थे तो उनकी वर्तमान स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए.



## नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अंश शर्मा का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** तहसील सभा कक्ष में मंगलवार को पगरानी निवासी अंश शर्मा पिता ऋषि शर्मा के नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उनका शॉल-श्रीफल से स्वागत किया गया. अंश की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है. इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अंश शर्मा को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## वार्ड 15 मिर्जापुर में बदहाल सड़कें और अंधेरा बने परेशानी का कारण

- क्षतिग्रस्त निर्माण कार्यों पर उठे सवाल
- नियमित परिषद बैठक कराने की मांग तेज



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 15 मिर्जापुर में मूलभूत सुविधाओं को लेकर स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है. रहवासियों का कहना है कि हाल के वर्षों में कराए गए कई निर्माण कार्य समय से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगे हैं, जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय नागरिकों के अनुसार कई सड़कों और गलियों पर गड्ढे बनने लगे हैं, जिससे विशेषकर बारिश के दौरान पैदल चलना और दोपहिया वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है.**

लोगों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है.रहवासियों ने यह भी बताया कि नगर के अनेक वार्डों में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था नहीं होने से रात के समय अंधेरा पसरा रहता है. इससे आम लोगों, महिलाओं और बुजुर्गों को अपने घरों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. नागरिकों ने खराब और बंद स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र सुधारने की मांग की है.स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद की नियमित बैठकें नहीं होने से जनसमस्याओं पर व्यापक चर्चा नहीं हो पा रही है. उनका आरोप है कि अधिकांश निर्णय प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल (पीआईसी) की बैठकों में लिए जा रहे हैं. नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका परिषद की नियमित बैठकें आयोजित कर सभी निर्वाचित पार्षदों को विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखने का अवसर दिया जाए.रहवासियों का कहना है कि नगर पालिका परिषद चुनाव से पहले शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिल सकें.

## आज गंजबासौदा आएंगे अजय सिंह

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का 22 जुलाई को गंजबासौदा आगमन प्रस्तावित है. उनके दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं.प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय सिंह %राहुल भैया% अपने दौरे के दौरान शिक्षा क्रांति अभियान के तहत युवाओं से संवाद करेंगे और शिक्षा, युवाओं के भविष्य तथा सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे. इसके बाद वे कांग्रेस के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठकों में संगठन की वर्तमान स्थिति, मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा करेंगे.राहुल भैया के आगमन को लेकर कांग्रेस संगठन के भीतर भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है. पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं का मानना है कि संगठन में हाल के समय में ऐसे लोगों को जिम्मेदारियां दी गई हैं, जिनकी सक्रियता चुनाव और संगठनात्मक गतिविधियों में अपेक्षाकृत कम रही है.



## शिक्षा व्यवस्था सुधार को लेकर निकाला छात्र-युवा जनआक्रोश मार्च

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को सिरोंज में छात्र-युवा जनआक्रोश पदयात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, समाजसेवियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. पदयात्रा का शुभारंभ छत्री चौराहा से हुआ, जो मुख्य बाजार होते हुए नया बस स्टैंड पहुंची. इस दौरान प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए नारे लगाए. तथा सरकार से शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने की मांग की. कार्यक्रम में रजत सक्सेना, राकेश शर्मा, रिंकी रघुवंशी, डॉ. सोहल, अभिषेक धाकड़, बृजेश धाकड़, अंकित, जोहेब, नासिर खान, प्रियांशु बघेल सहित कई युवा मौजूद रहे. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग दोहराई.

## छात्रों की समस्याओं पर होगा छात्रों की गूंज छात्र संवाद

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** बदलती शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, भर्ती घोटालों, बढ़ती बेरोज़गारी तथा छात्रों एवं युवाओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्रों की गूंजछात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन 22 जुलाई बुधवार को दोपहर 2 बजे अनंत श्री गार्डन, कुरवाई रोड, सिरोंज में किया जाएगा. उक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरोंज के अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री सचिन यादव छात्रों एवं युवाओं से सीधे संवाद करेंगे. इस दौरान शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, युवाओं के अधिकार तथा उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. साथ ही छात्रों एवं युवाओं को अपनी समस्याएं और सुझाव रखने का अवसर भी मिलेगा.उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं एवं आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संवाद का हिस्सा बनने की अपील की है.

**मौन सूचना**
विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.
ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.
मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- मांगें पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन और 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



नवभारत न्यूज

**पठारी. मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को पठारी तहसील पटवारी संघ ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार प्रेमलता पाल को ज्ञापन सौंपा. संघ ने लंबे समय से लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शासन ने सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो चरणबद्ध आंदोलन के बाद 3 अगस्त 2026 से प्रदेशभर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे.**

ज्ञापन में पटवारी संघ ने सबसे पहले लंबित कैडर रिव्यू लागू करने, पदोन्नति तथा समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग उठाई. संघ का कहना है कि वर्षों से वेतनमान संबंधी विसंगतियां दूर नहीं हो सकी हैं और कैडर रिव्यू का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है. जब तक कैडर रिव्यू लागू नहीं होता, तब तक पटवारियों को पदोन्नति का लाभ दिए जाने की मांग की गई है.दूसरी मांग में नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही गई. संघ के अनुसार वर्ष 2018 के बाद से विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं हुई है, जिससे पदोन्नति के अवसर प्रभावित हो रहे हैं.तीसरी मांग में जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने की मांग की गई. जबकि निर्णय तहसीलदार या नायब तहसीलदार द्वारा लिया जाता है. इसके बावजूद कई मामलों में सीधे पटवारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाती है, जो उचित नहीं है.

चौथी मांग वर्षों से लंबित वित्तीय भुगतानों से संबंधित है. संघ ने स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आईडी सहित विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की. चेतावनी दी गई कि भुगतान नहीं होने पर भविष्य की योजनाओं के कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा.पांचवीं मांग में पटवारी संघ के पदाधिकारियों के कथित नियम विरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करने तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित परामर्शदात्री समिति की बैठकें आयोजित करने की मांग की गई.पटवारी संघ ने बताया कि पूर्व में तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश के माध्यम से सांकेतिक विरोध दर्ज कराया गया था, लेकिन कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई.

## बैठक में निजी विद्यालयों की समस्याओं पर की चर्चा

- अशासकीय शिक्षण संघ की हुई बैठक
- संगठन की आगामी गतिविधियों पर किया विचार विमर्श



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, अशासकीय शिक्षण संघ सिरोंज की बैठक तहसील अध्यक्ष रजत सक्सेना के नेतृत्व में संपन्न हुई. जिसमें क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे. बैठक में निजी विद्यालयों को आ रही विभिन्न समस्याओं एवं शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही समस्याओं के निराकरण तथा संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श करते हुए आगामी रूपरेखा तैयार की गई.**

बैठक में स्कूल संचालकों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर जोर दिया. साथ ही विद्यालय संचालकों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके निराकरण के लिए प्रभावी पहल करने का निर्णय लिया गया. बैठक में निजाम खान, रिक्की सुमन, शैलेन्द्र रघुवंशी, अक्षत गर्ग, हफीज अहमद सहित क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों के संचालक मौजूद रहे.

**आयोजन**

**बस स्टैंड परिसर में सांडों की लड़ाई से दो दुकानों में तोड़फोड़, व्यापारियों ने प्रशासन से की प्रभावी कार्रवाई की मांग**

## बारिश होते ही आवारा पशुओं का तांडव , दुकानों में घुसकर किया नुकसान

नवभारत न्यूज

**सांची. विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी सांची में बारिश शुरू होते ही आवारा पशुओं की समस्या एक बार फिर गंभीर हो गई है. नगर के प्रमुख बाजारों और बस स्टैंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में घूम रहे आवारा मवेशियों के कारण व्यापारियों और आम नागरिकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**



स्थानीय लोगों के अनुसार नगर में लंबे समय से आवारा पशुओं का जमावड़ा बना हुआ है. ये पशु दिनभर दुकानों के सामने डेरा जमाए रहते हैं और आपस में भिड़ने पर दुकानों में घुस जाते हैं. इससे दुकानदारों को अपनी सुरक्षा के लिए दुकान छोड़कर बाहर निकलना पड़ता है और सामान को भी नुकसान पहुंचता है.सोमवार को बस स्टैंड परिसर में दो सांड आपस में लड़ते हुए दुकानों में घुस गए. इस दौरान महेश की दुकान का शोकेस टूट गया, जबकि पास स्थित देवेंद्र तिवारी की दुकान में भी नुकसान हुआ. व्यापारियों ने बताया कि वे नियमित रूप से नगर परिषद को कर और अन्य शुल्क का भुगतान करते हैं, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षित व्यापारिक वातावरण नहीं मिल पा रहा है.व्यापारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाओं के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन आवारा पशुओं के प्रभावी प्रबंधन के अभाव में इसका अपेक्षित लाभ दिखाई नहीं दे रहा है. साप्ताहिक हाट-बाजार के दौरान भी आवारा पशुओं की वजह से व्यापारियों और ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है.स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नगर में पहले भी सांडों के हमलों में लोग घायल हो चुके हैं. अब आवारा मवेशियों के साथ-साथ आवारा घोड़े भी सड़कों पर घूमते दिखाई दे रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ गया है.व्यापारियों एवं नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन से आवारा पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया है, ताकि पर्यटन नगरी की व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

**क्या बोले सीएमओ**

नगर परिषद सांची के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामलाल कुशवाहा ने बताया कि सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने के लिए एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है. इसके बावजूद मामले की जांच कर पशुओं को गौशाला भेजने की व्यवस्था कराई जाएगी.

## नशा मुक्ति शिविर में विद्यार्थियों को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय कुरवाई एवं पुलिस थाना कुरवाई के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति शिविर आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए.के. चतुर्वेदी, एसडीओपी रोशनी सिंह एवं थाना प्रभारी आर.के. मिश्रा ने किया. एसडीओपी रोशनी सिंह ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया. थाना प्रभारी आर.के. मिश्रा ने स्वस्थ एवं सफल जीवन के लिए नशा छोड़ने का संदेश दिया. कार्यक्रम में डॉ. अरुणा पटेल, डॉ. नीलम जैन, डॉ. मोहम्मद सादिक, डॉ. संदीप कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे.

## सोयाबीन फसल के लिए वरदान साबित हो रही बारिश धूप और फुहारों से खेतों में लहलहाई फसल

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, क्षेत्र में इन दिनों हो रही रुक-रुककर बारिश और बीच-बीच में निकल रही धूप सोयाबीन की फसल के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है. सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहते हैं और दोपहर बाद अच्छी बारिश हो जाती है. मौसम के इस संतुलन से खेतों में बोई गई सोयाबीन की फसल तेजी से बढ़ रही है और हरियाली से खेत लहलहा उठे हैं.**

किसानों का कहना है कि इस बार बोवाई के बाद खेतों में पानी भराव की स्थिति नहीं बनी, जिससे बीज गलने की समस्या नहीं हुई. अब अधिकांश खेतों में सोयाबीन का अंकुरण अच्छी तरह हो चुका है. कृषि जानकारों का मानना है कि इस अवस्था में नियमित अंतराल से बारिश होती रही तो फसल को भरपूर लाभ मिलेगा. हालांकि यदि लगातार धूप निकली और बारिश रुक गई तो फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है.वर्तमान में आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई है, जिससे किसानों को अच्छी वर्षा की उम्मीद है. वहीं दूसरी ओर कुएं, बावड़ियां, नदी-नाले और अन्य जलस्त्रोत अभी पूरी तरह नहीं भर पाए हैं. इनके भराव और भूजल स्तर में सुधार के लिए तेज और लगातार बारिश की आवश्यकता महसूस की जा रही है.